Kanoria
PG Mahila
Mahavidyalaya
Jaipur

Date : 21-12-2023

प्रेस नोट

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा आयोजित 5वें वार्षिक दो दिवसीय (20–21 दिसम्बर, 2023) साहित्य महोत्सव सागा'23 का आज समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के प्रिसिंपल और 'वेल प्लेड़' पुस्तक के लेखक ड़ॉ राजीव बगरहट्टा रहे। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। निदेशक डॉ रश्मि चतुर्वेदी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि साइंस फ़िक्शन हमारे लिए एक आदर्श प्रस्तुत करता है, साथ ही हमें इससे जुड़े संभावित खतरों से भी सावधान करता है। मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय में इस तरह के साहित्यिक कार्यक्रमों के नियमित आयोजन किये जाने की प्रशंसा की। प्राध्यापिका ऋषिता शर्मा ने दो दिवसीय लिटरेचर फेस्ट के ग्लिम्पसेज़ कविता के रूप में प्रस्तुत किये। उप–प्राचार्य, कला संकाय, डॉ. मनीषा माथुर ने समापन टिप्पणी प्रस्तुत की। "साइंस फिक्शन" थीम पर आधारित इस दो दिवसीय लिटरेचर फैस्ट में दूसरे दिन आयोजित अंतर महाविद्यालय क्विज़ में प्रथम स्थान पर महारानी कॉलेज की जान्हवी कूलवाल एवं दृष्टि खण्डेलवाल की जोड़ी, द्वितीय स्थान पर यूनिवर्सिटी फाइव यियर लॉ कॉलेज के अथर्व पाटीदार एवं ऐश्वर्या शर्मा की जोडी रही। तृतीय स्थान पर कानोड़िया कॉलेज की शगुन यादव एवं टिया अग्रवाल की जोड़ी रही।

बुक कवर ड़िज़ाइन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कानोड़िया कॉलेज की भूमिजा चौधरी, द्वितीय स्थान पर कानोड़िया कॉलेज की आस्था कौशिक एवं तृतीय स्थान पर आईआईएचएम, जयपुर के सात्विक सोनी रहे। ट्रेज़र हंट प्रतियोगिता में राजस्थान स्कूल ऑफ लॉ फॉर वीमन की मुस्कान शर्मा, आरोही, तनिष्का सिंह एवं सौम्या सिंह की टीम विजेता रही। राइटिंग चैलेंज में प्रथम स्थान पर कानोड़िया कॉलेज की अनुष्का गौड़, द्वितीय स्थान पर स्टेनी मेमोरियल कॉलेज की त्रिशिता मुखर्जी एवं तृतीय स्थान पर राजस्थान कॉलेज के चंचल खींचर रहे।

कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रीति शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस फैस्ट में शहर के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। समारोह में उप–प्राचार्य, डॉ. सुनीता माथुर, डॉ. रंजुला जैन, डॉ. रंजना अग्रवाल, अन्य प्राध्यापिकाएँ एवं महाविद्यालय की छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम संचालन प्राध्यापिका भव्या भारद्वाज एवं विभाग की छात्राओं ने किया। कार्यक्रम का समापन 'वेटिलॉ' एवं 'इंफिनिटी' म्यूज़िक बैंड के साथ सिंगर विवेक खण्डेलवाल और विशाखा खण्डेलवाल की म्यूज़िकल परफोमेंस से हुआ।

महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जन्म जयंती (राष्ट्रीय गणित दिवस) के उपलक्ष में 22–23 दिसंबर को विभिन्न अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

सादर प्रकाशनार्थ